# University in News on 29 October 2021

100 Years 1920-2020 | University of Lucknow | लखनऊ विश्वविद्यालय | Centenary Year | शताब्दी वर्ष

**HINDUSTAN PAGE 7**

### इस बार के दीक्षांत समारोह के बाद से ही लागू होगी व्यवस्था

# एलयू: छात्रों के घर डाक से भेजी जाएगी डिग्री

**सुविधा**

लखनऊ | **आंचल अवस्थी**

लखनऊ विश्वविद्यालय में डिग्री निकलवाने के लिए कई बार छात्रों को लम्बा इंतजार करना पड़ता है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद डिग्री मिल तो जाती है लेकिन यह लम्बी प्रक्रिया है। इससे छुटकारा दिलाने के इरादे से इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय नई व्यवस्था करने जा रहा है। अब दीक्षांत के तुरंत बाद छात्रों को उनकी डिग्री डाक से भेज दी जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीते सत्र में छात्रों से परीक्षा फॉर्म भरवाते समय ही स्थाई पता ले लिया गया था। व्यवस्था यह थी कि जो छात्र स्थाई पता नहीं देगा, उसका फॉर्म प्रक्रिया में ही नहीं जाएगा। नतीजा यह हुआ कि सत्र 2020-21 में पास होने वाले सभी यूजी-पीजी छात्रों का डाटा एलयू के पास है। इसलिए इस बार जैसे ही दीक्षांत समारोह हो जाएगा, उसके एक महीने के अंदर ही सभी छात्रों को उनके पते पर डिग्री मिल जाएगी। इस व्यवस्था से छात्र-छात्राओं का काफी समय बचेगा और उनको काफी सुविधा भी होगी।

## राज्यपाल ने दिए थे इसके लिए निर्देश

इस सम्बंध में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने निर्देश भी दिए थे कि छात्रों के डिग्री मांगने का इंतजार करना सही नहीं है। यह विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है कि छात्रों तक उनकी डिग्री पहुंचा दी जाए। इसी आदेश के क्रम में लखनऊ विवि इस बार से यह व्यवस्था करने जा रहा है।

## एकेटीयू में तीन साल से है व्यवस्था

एलयू में यह व्यवस्था इस बार से शुरू होने जा रही है जबकि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में तीन साल पहले ही इसे शुरू कर दिया गया था। वहां बाकायदा एक पोस्टल विभाग है जो दीक्षांत के तुरंत बाद छात्रों को उनकी डिग्री पोस्ट कर देता है।

# स्नातक: बची हुई सीटों पर दाखिले आज से

**प्रवेश प्रक्रिया**

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों बीए और बीएससी मैथ्स और बायो (एनईपी फोर ईयर) में बची सीटों पर दाखिले के लिए शुक्रवार को दोपहर एक बजे से ऑनलाइन द्वितीय काउंसलिंग के अंतर्गत द्वितीय च्वाइस फिलिंग शुरू हो रही है। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर को दोपहर एक बजे तक रहेगी।

प्रवेश समिति से मिली जानकारी के अनुसार द्वितीय काउंसलिंग में वे सभी अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं जिनका नाम और रैंक ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में है।

अभ्यर्थी शुक्रवार को दोपहर एक से 31 अक्तूबर दोपहर एक तक अपनी लॉग-इन आईडी से च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। अभ्यर्थी को सलाह दी गई है कि उपलब्ध विषयों में से अधिक से अधिक विकल्प का चयन करें।

## पीजी के 24 विषयों में सेकंड एलॉटमेंट जारी

पीजी दाखिलों के अंतर्गत लगभग 24 विषयों की मेरिट जारी की गई थी, जिनमें प्रवेश के लिए फीस जमा करने की आखिरी तारीख 26 अक्तूबर थी। इन सभी विषयों का पहले राउंड का सीट एलॉटमेंट भी जारी हो गया था। अब प्रथम आवंटन के बाद बची सीटों पर दाखिले के लिए सेकंड एलॉटमेंट/अपग्रेडेशन जारी कर दिया गया है जो अभ्यर्थी के लॉग-इन पर शुक्रवार से उपलब्ध होगा। जिन अभ्यर्थियों को सेकंड एलॉटमेंट की सीट एलॉट हुई है, उनकी योग्यता की जांच ऑनलाइन होगी, उसके बाद अभ्यर्थियों को 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी।

## एमपीएड की मेरिट सूची जारी की गई

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी दाखिलों के अंतर्गत एमपीएड की ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपनी मेरिट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

# पीजी की बची सीटों का भी अलॉटमेंट जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट के अनुसार 24 विषयों की बची हुईं सीटों पर अलॉटमेंट कर दिया है।

प्रथम सीट आवंटन के बाद बची हुई सीटों पर अलॉटमेंट व अपग्रेडेशन किया गया है। छात्रों को अलॉटमेंट 29 अक्तूबर को उनके लॉगइन पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन विषयों के दूसरे सीट अलॉटमेंट की फीस जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई है। जिन छात्रों को अलॉटमेंट व अपग्रेडेशन की सीट अलॉट हुई है उनकी पात्रता की जांच संबंधित विभाग की ओर से ऑनलाइन की जाएगी। इसके बाद ही योग्य छात्र लॉगइन के माध्यम से फीस जमा करा सकेंगे।



**आज से लॉगइन पर अलॉटमेंट रहेगा उपलब्ध, 31 तक ऑनलाइन फीस जमा होगी**

### इनमें किया सीट अलॉटमेंट

दूसरा सीट अलॉटमेंट व अपग्रेडेशन में तीन वर्षीय एलएलबी, इकोनॉमिक्स, एजूकेशन, इंग्लिश, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमआईएच, बीएलआईएससी, एमएलआईएसएसी, जियोग्राफी, जूलॉजी, होम साइंस, कंप्यूटर साइंस, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, हिंदी, कॉमर्स प्योर, फिजिक्स व रिन्यूवेबल एनर्जी, सोशल वर्क, पब्लिक हेल्थ सीएम, पब्लिक हेल्थ, साइकोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, बॉटनी व प्लांट साइंस और माइक्रो बायोलॉजी शामिल हैं।

### एलएलबी में शिक्षण कार्य कल से

लखनऊ। लविवि ने तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम में दाखिला ले चुके छात्रों को हर हाल में 29 अक्तूबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के निर्देश दिए हैं। इन छात्रों का ओरियंटेशन कार्यक्रम भी इसी दिन होगा। विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि जिन छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर की फीस जमा कर दाखिला ले लिया है उन्हें विवि के द्वितीय परिसर में स्थित विधि संकाय में हर हाल में 29 अक्तूबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराना होगा। छात्रों को अपने प्रमाणपत्र लेकर आना होगा। उन्होंने बताया कि ओरियंटेशन कार्यक्रम भी 29 अक्तूबर सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगा, जबकि शिक्षण कार्य 30 अक्तूबर की सुबह नौ बजे से चार बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षण कार्य का टाइम टेबल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। साथ ही छात्रों के ईमेल व व्हाट्सएप पर भी टाइम टेबल भेजा जा रहा है। शिक्षण कार्य ऑफलाइन मोड में होगा और सभी छात्रों को टाइम टेबल के अनुसार अपने-अपने सेक्शन में उपलब्ध रहने का निर्देश है।

■ ***एमपीएड मेरिट लिस्ट जारी :*** वहीं, दूसरी तरफ लविवि ने पीजी के तहत एमपीएड पाठ्यक्रम की ओवर ऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। छात्र अपनी मेरिट और रैंक लविवि की वेबसाइट से देख सकते हैं। छात्रों को दाखिले के लिए विवि की वेबसाइट पर दिए गए दिशा-निर्देशों को अच्छे से पढ़ने के निर्देश भी दिए हैं।

### बीए और बीएससी में चॉइस फिलिंग आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक के चार वर्षीय बीए और बीएससी पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए हो रही ऑनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत द्वितीय चॉइस फिलिंग प्रक्रिया 29 अक्तूबर से शुरू होगी। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर दोपहर एक बजे तक है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चार वर्षीय बीए, चार वर्षीय बीएससी मैथ्स और चार वर्षीय बीएससी बायोलॉजी की बची हुईं सीटों पर प्रवेश के लिए द्वितीय चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें वे ही छात्र भाग ले सकते हैं, जिनका नाम और रैंक ओवरऑल मेरिट लिस्ट में है। (माई सिटी रिपोर्टर)

**i-NEXT PAGE II & 4**

# लावा रॉक पाउडर से मिट्टी होगी स्पेशल

**क्लाइमेट कॉन्क्लेव में साइंटिस्ट ने सुझाया मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने का नया आईडिया**



anuj.tandon@inext.co.in

**LUCKNOW(28 Oct):** केमिकल व पेस्टीसाइड के अधिक इस्तेमाल के चलते मिट्टी की उर्वरता और पौधे के विकास पर गहरा असर पड़ता है. ऐसे में अगर मिट्टी में वॉल्केनो रॉक का चूरा बनाकर मिट्टी में मिलाया जाये तो न केवल मिट्टी की क्वालिटी बढ़ती है बल्कि पौधे का विकास भी अच्छा होता है. साथ ही यह फंगी को भी बढ़ने से रोकता है. यह जानकारी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे यूपी क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव में लगी प्रदर्शनी में एलयू के जियोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार यादव ने दी.

**प्रदेश में भी हो रहा इस्तेमाल**

प्रो. मनोज ने बताया कि इस तकनीक का इस्तेमाल विदेशों में भी होता है. साथ ही मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर किसान खेती में इसका प्रयोग करते हैं क्योंकि इन प्रदेशों में वॉल्केनो रॉक भी पाया जाता है. इसमें मिलने वाले मिनरल्स से मिट्टी की क्वालिटी बढ़ने के साथ यह कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाने में मददगार है. प्रदेश में अभी इस तकनीक से सोनभद्र में काम चल रहा है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं.

**ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में होता इस्तेमाल**

प्रो. विभूति राय ने बताया कि जियोलाइट मिनरल्स एक खास तरह का मिनरल और साल्ट होता है. जो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में इस्तेमाल होता है क्योंकि यह हवा से ऑक्सीजन और नाइट्रोजन को अलग करने में मदद करता है. इसका कोरोना काल में कंसंट्रेटर बनाने के दौरान काफी इस्तेमाल किया गया है.

# यूजी की बची सीटों पर एडमिशन आज से

**LUCKNOW (28 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएशन कोर्सेज बीए व बीएससी मैथ्स और बायो एनईपी फोर ईयर में बची सीटों पर एडमिशन के लिए शुक्रवार दोपहर 1 बजे से ऑनलाइन सेकेंड काउंसिलिंग के अंतर्गत सेकेंड च्वाइस फिलिंग शुरू होगी. इसकी लास्ट डेट 31 अक्टूबर दोपहर 1 बजे तक है.

**ये शामिल हो सकते हैं**

सेकेंड काउंसिलिंग में वे स्टूडेंट्स च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं, जिनका नाम और रैंक ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में है. स्टूडेंट्स उपलब्ध विषयों में से अधिक विकल्प का चयन करें. एलयू में पीजी एडमिशन के अंतर्गत एमपीएड की ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी गयी है. वहीं पीजी एडमिशन के अंतर्गत लगभग 24 विषयों की मेरिट जारी की गई थी. जिनमें एडमिशन के लिए फीस जमा करने की लास्ट डेट 26 अक्टूबर थी. इन सभी विषयों का पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट भी जारी हो गया था. अब फर्स्ट आवंटन के बाद बची सीटों पर एडमिशन के लिए सेकेंड अलॉटमेंट-अपग्रेडेशन जारी कर दिया गया है.

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

# स्नातक की बची सीटों पर प्रवेश का मौका 31 तक

**कैंपस**

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों बीए व बीएससी मैथ्स और बायो (एनईपी फोर ईयर) में बची हुई सीटों पर दाखिले के लिए शुक्रवार को दोपहर एक बजे से ऑनलाइन द्वितीय काउंसिल के अंतर्गत द्वितीय च्वाइस फिलिंग शुरू हो रही है। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर एक बजे तक रहेगी। प्रवेश समिति से मिली जानकारी के अनुसार द्वितीय काउंसलिंग में वे सभी अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं, जिनका नाम और रैंक ओवरआल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में है। अभ्यर्थी शुक्रवार को दोपहर एक बजे से 31 अक्टूबर दोपहर एक बजे तक अपनी लॉग-इन आईडी से च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। अभ्यर्थी को यह सलाह दी गई है कि उपलब्ध विषयों में से अधिक से अधिक विकल्प का चयन अपनी इच्छा से करें। इस सम्बंध में लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर च्वाइस फिलिंग से सम्बन्धित निर्देश पढ़ने के बाद च्वाइस फिलिंग करें तो बेहतर होगा।

**छात्रों को कैंटीन में हो रही दिक्कत:** की कैंटीन में छात्रों को इन दिनों बडी दिक्कत हो रही है, छात्रों का कहना है कि गुणवत्तापूर्ण खाने वाली चीजें नहीं मिल पा रही है, ऐसे में विवि से बाहर जाना पड़ता है।



लखनऊ विश्वविद्यालय के कैम्पस में आवेदन फार्म भरते छात्र-छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

### लखनऊ विश्वविद्यालय में एमपीएड की ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी दाखिलों के अंतर्गत एमपीएड की ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपनी मेरिट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

पीजी के 24 विषयों में सेकंड एलॉटमेंट जारी। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी दाखिलों के अंतर्गत लगभग 24 विषयों की मेरिट जारी की गई थी, जिनमें प्रवेश के लिए फीस जमा करने की आखिरी तारीख 26 अक्टूबर थी। इन सभी विषयों का पहले राउंड का सीट एलॉटमेंट भी जारी हो गया था। अब प्रथम आवंटन के बाद बची सीटों पर दाखिले के लिए सेकंड एलॉटमेंट/अपग्रेडेशन जारी कर दिया गया है जो अभ्यर्थी के लॉग-इन पर शुक्रवार से उपलब्ध होगा। जिन अभ्यर्थियों को सेकंड एलॉटमेंट की सीट एलॉट हुई है, उनकी योग्यता की जांच सम्बंधित विभाग ऑनलाइन कर लेंगे, उसके बाद अभ्यर्थियों को 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। जिन विषयों के सेकंड एलॉटमेंट जारी हुए हैं उनमें एलएलबी (त्रिवर्षीय), ईकोनॉमिक्स, एजुकेशन, इंग्लिश, एप्लाइड ईकोनॉमिक्स, एमआईएच, बीएलआईएससी, एमएलआईएससी, जियोग्राफी, जियोलॉजी, होम साइंस, कम्प्यूटर साइंस, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, कॉमर्स प्योर, फिजिक्स/रीन्यूएबल एनर्जी, सोशल वर्क, पब्लिक हेल्थ सीएम, पब्लिक हेल्थ, साइकोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी, बॉटनी/प्लांट साइंस/माइक्रोबायोलॉजी शामिल हैं।

### छात्रों ने हॉस्टल में सुधार करने की मांग की

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने वाले छात्रों ने अपने हॉस्टल हबीबुल्लाह में मूलभूत सुविधाओं में सुधार किए जाने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि यहां मेस लेकर बिजली व्यवस्था तक प्रभावित है, इससे पढ़ाई लिखायी में दिक्कत हो रही है। छात्रों ने इस संबंध में कुलपति को एक चिट्ठी भी लिखी है।

### पीएचडी संस्कृत छात्रों की फीस जमा होना शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर प्रवेश (सत्र 2020-21) की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर संस्कृत विषय के छात्रों की फीस जमा की जा रही है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 अक्टूबर तक फीस जमा कर सकते हैं। देर से फीस जमा करने पर छात्रों को दिक्कत का समना करना पड़ सकता है।

### एलएलबी के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन आज से

एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर के वे छात्र, जो फीस जमा करके प्रवेश ले चुके हैं, उन्हें शुक्रवार तक लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर के विधि संकाय में दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कराना है। यदि समय से वेरिफिकेशन नहीं कराया तो दिक्कत हो सकती है। संकायाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि इन छात्र-छात्राओं का ओरियंटेशन प्रोगाम भी शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगा और शिक्षण कार्य शनिवार को सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगा।

### लविवि: कैनवस पर उकेरी गई रामकथा

देश के लखनऊ। कोरे कैनवस पर रंगों की कूची संग जुगलबंदी में जब आध्यात्म का रस समाहित किया गया तो जो तस्वीर उभरी, उसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सूरत नजर आई कला की नई पौध ने जब मिट्टी का सांचे में ढाला तो सीता की मूरत उभर आई और जब ज्ञान और भक्ति को एकसाथ कर शब्द दिए गए तो रामचरित मानस अगल-अलग कहानियों में उतर आई। यह सब देखने को मिला लखनऊ विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति 'सांस्कृतिकी' द्वारा अयोजित दो दिवसीय 'अवध-उत्सव' के पहले दिन भौतिक विज्ञान विभाग में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान। इन प्रतियोगिताओं में लखनऊ विवि के अलावा गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज, आईटी कॉलेज, जेएनपीजी, नेशनल पीजी कॉलेज आदि के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

**JAGRAN CITY PAGE IV**

# लवि : पीजी के 24 कोर्सों में दूसरा सीट आवंटन

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में परास्नातक पाठ्यक्रमों में 24 विषय ऐसे हैं, जिनमें पहले सीट आवंटन के बाद भी सीटें खाली हैं। गुरुवार को बची हुई सीटों पर दूसरा सीट आवंटन एवं अपग्रेडेशन कर दिया गया। इसकी सूचना अभ्यर्थियों के लागइन पर 29 अक्टूबर से उपलब्ध होगी। उन्हें 31 अक्टूबर तक फीस जमा करनी होगी।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम सीट आवंटन के बाद 26 अक्टूबर तक फीस जमा करने का मौका दिया गया था, लेकिन अभी कुछ सीटें बची हैं, जिन पर दूसरा आवंटन किया गया है। जिन्हें सीट आवंटित हुई है, उनकी अर्हता की जांच विभाग आनलाइन करेगा। अर्ह अभ्यर्थियों को लागइन के माध्यम से फीस जमा करनी होगी।

**इन विषयों में बची सीटों पर हुआ दूसरा आवंटन:** एलएलबी तीन वर्षीय, इकोनामिक्स, एजुकेशन, इंग्लिश, एप्लाइड इकोनामिक्स, एमआइएच, बीएलआइएससी, एमएलआइएससी, जियोग्राफी, जियोलाजी, होम साइंस, कम्प्यूटर साइंस, हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, हिंदी, कामर्स प्योर, फिजिक्स, रिन्यूएबल एनर्जी, सोशल वर्क, पब्लिक हेल्थ सीएम, पब्लिक हेल्थ, साइकोलाजी, पालिटिकल साइंस, सोशियोलाजी, बाटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलाजी।

**एमपीएड की अनंतिम मेरिट सूची जारी :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमपीएड पाठ्यक्रम की ओवरआल अनंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। अभ्यर्थी मेरिट विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं।

**चार वर्षीय बीए, बीएससी में आज से भर सकेंगे दूसरा विकल्प:** लवि में चार वर्षीय बीए, बीएससी मैथ्स और बीएससी बायोलाजी में अभी सीटें बची हैं। इनमें 29 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से आनलाइन द्वितीय काउंसलिंग के अंतर्गत दूसरा पसंदीदा विकल्प (च्वाइस फिलिंग) भरा जा सकेगा। 31 अक्टूबर को दोपहर एक बजे तक विकल्प भरने का मौका है। आनलाइन काउंसलिंग में वे सभी अभ्यर्थी अपना विकल्प भर सकते हैं, जिनका नाम व रैंक ओवरआल अनंतिम मेरिट सूची में है।

**स्तन कैंसर के प्रति करें जागरूक :** लवि के समाज कार्य विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं वात्सल्य संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्तन कैंसर जागरूकता के लिए पिंक रिबन वाक एवं हस्ताक्षर अभियान हुआ। उद्घाटन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने किया। प्रो. पूनम ने कहा कि स्तन कैंसर को लेकर हमें लोगों को जागरूक करना होगा। कार्यक्रम में एडमिशनल चीफ प्रोवोस्ट डा. अनूप कुमार सिंह व एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डा. राकेश द्विवेदी मौजूद रहे।

# एलएलबी में प्रवेश के लिए सत्यापन आज

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में जिन छात्र-छात्राओं के प्रवेश हुए हैं, उनके प्रमाणपत्रों का सत्यापन 29 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर स्थित विधि संकाय में होगा। यह जानकारी विधि संकाय अध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि छात्रों का ओरियंटेशन प्रोगाम भी सुबह 11 बजे से शुरू होगा। शिक्षण कार्य 30 अक्टूबर से सुबह नौ बजे से शुरू होकर चार बजे तक होगा। इसका टाइम टेबल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा दिया गया है।